nt>

Title: Need to safeguard the interests of indigenous small scale industries-Laid.

श्री रामजीलाल सुमन (फिरोजाबाद): देश में जब से आयात के लिए सरकार द्वारा ढील देने की घोाणा की गई है तभी से सस्ता आयात देश के उद्योग विशो कर लघु और कुटीर उद्योग के सामने संकट पैदा कर चुका है। देश में टायर, खिलौने, ड्राई सैल, साइकिल, इलैक्ट्रोनिक का सामान, कांच का सामान जो अभी तक देश में लघु व कुटीर उद्योग द्वारा उत्पादित किया जाता था, चीन से सस्ते दामों पर भारत में लाया जा रहा है। चीन का माल नेपाल के रास्ते तस्करी के माध्यम से भी आ रहा है। अतः यह सस्ता चीनी सामान, हमारे देश के उद्योगों के लिए संकट उत्पन्न कर चुका है। देश में लघु उद्योग लगातार रूग्ण होते जा रहे हैं। सरकार भी इस मामले से अनभिज्ञ नहीं है। प्रिंसीपल सेक्रेट्री के नेतृत्व में निगरानी समिति गठित की गयी है पर जमीन पर अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है।

इसलिए सरकार से अनुरोध है कि तत्काल जमीनी कार्यवाही करें ताकि चीन से सस्ते और तस्करी के माध्यम से आने वाले सामान पर रोक लगे और भारतीय उद्योगों को बचाया जा सके।